# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),
निकट टोल प्लाजा, मड़वानगर जिला: बस्ती 272002

ई-मेल: eeupjnruralbasti@gmail.com


पत्रांक 370 / M-3 / 44 दिनांक 20 / 05 / 20

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
बस्ती।

**विषय: दिनांक 20.05.2026 को दैनिक समाचार पत्र (अमर उजाला) में प्रकाशित "मरम्मत के नाम पर दो करोड़ रुपये खर्च पानी पहुँचा न पाइपलाइन हुई दुरुस्त" संबंधी नकारात्मक खबर के खंडन एवं वास्तविक स्थिति के प्रेषण के संबंध में।**

**महोदया,**

कृपया उपरोक्त विषयक का संज्ञान लेने का कष्ट करें, जिसके अंतर्गत स्थानीय समाचार पत्र में यह खबर प्रकाशित की गई है कि "मरम्मत के नाम पर दो करोड़ रुपये खर्च पानी पहुँचा न पाइपलाइन हुई दुरुस्त" शीर्षक के अन्तर्गत नकारात्मक क्लीपिंग के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद बस्ती के विकास खण्ड-बस्ती के राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना के तहत कुसम्हा पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया गया है। कुसम्हा पेयजल योजना की भौतिक प्रगति का विवरण निम्नानुसार है-

- **कार्यक्रम का नाम-** राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना
- **स्वीकृत वर्ष:** 2019-20
- **स्वीकृत लागत:** रु० 273.35 लाख
- **सम्मिलित ग्राम पंचायत (2):** 1. कुसम्हा, 2.वानगढ़
- **सम्मिलित राजस्व ग्राम (4):** 1.पिपरा हिक्का, 2. कुसम्हा, 3. हाथावुगु, 4.वानगढ़
- **भौतिक प्रगति की तालिका:**

| क्र०सं० | प्रस्तावित कार्य | भौतिक प्रगति |
|---|---|---|
| 1 | 01 नग नलकूप | पूर्ण |
| 2 | 01 नग शिरोपरि जलाशय (क्षमता- 250KL/18m) | पूर्ण |
| 3 | वितरण प्रणाली (18.13 किमी०) | पूर्ण |
| 4 | 01 नग पम्पहाउस | पूर्ण |
| 5 | 01 नग बाउन्ड्रीवाल | पूर्ण |
| 6 | गृह संयोजन (लक्ष्य-566 नग) | पूर्ण |

इस संबंध में वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए अवगत कराना है कि उक्त पेयजल योजना के समस्त कार्यों को पूर्ण कराते हुए नियमित जलापूर्ति की जा रही है नियमित जलापूर्ति के सम्बन्ध में ग्राम प्रधान द्वारा प्रमाण-पत्र भी जारी किया गया है तथा यह भी अवगत कराया गया है कि उनके द्वारा किसी भी समाचार पत्र को इस सम्बन्ध में कोई बयान नहीं दिया गया है। अनुरक्षण नीति 2024 के अन्तर्गत उक्त पेयजल योजना के संचालन एवं अनुरक्षण का कार्य मेसर्स नालन्दा इंजीकॉन द्वारा अप्रैल 2025 से कराया जा रहा है। अनुरक्षण एवं मरम्मत हेतु DPR तैयार कर स्वीकृत हेतु मुख्यालय भेजा जा चुका है। जलापूर्ति से सम्बन्धित कोई भी समस्या जल सारथी ऐप एवं टोल फ्री नं 18001212164 पर पंजीकृत की जा सकती है। विभाग समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रतिबद्ध है।

सादर सूचनार्थ।

**संलग्नक-उपरोक्तानुसार।**

**भवदीय**

**(योगेन्द्र प्रसाद)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**प्रतिलिपि-** मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।

/
**अधिशासी अभियन्ता**

# ग्राम पंचायत कुसम्हा, वि.ख. बस्ती सदर


**धीरेन्द्र कुमार वर्मा**
प्रधान
ग्राम पंचायत कुसम्हा
पोस्ट-वाल्टरगंज
जनपद-बस्ती

निवास:
ग्राम-हाथा बुजुर्ग
पोस्ट-बेलहरा
जनपद-बस्ती
मो0-9565318011


पत्रांक......मेमो.......

दिनांक..21..05..2026

सेवा में
आधिशासीय अधियन्ता जल निगम ग्रामीण
बस्ती

विषय – कुसम्हा ग्राम पंचायत पेय जल योजना के जल आपूर्ति के सम्बन्ध में

महोदय
उक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि हमारे ग्राम पंचायत में जल निगम द्वारा पूर्व में टंकी का निर्माण कार्य कराया गया था जिससे वर्तमान में नियमित जल आपूर्ति कि जा रही है कोई भी शिकायत नही

भवदीय
D.Verma
21.05.26

# जनपद बस्ती के विकास खण्ड-बस्ती के कुसम्हा पेयजल योजना के फोटोग्राफ्स










